जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 28.10.2024

थाना कैराना पुलिस द्वारा घर में घुसकर नाबालिग को डरा धमकाकर साथ ले जाने और जोर जबरदस्ती विवाह कर दुष्कर्म करने एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित 02 अभियुक्त गिरफ्तारः-

ज्ञात हो कि दिनांक 11.09.2024 को थाना कैराना क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग के घर ने घुसकर नाबालिग को डरा धमकाकर साथ ले जाने और जोर जबरदस्ती विवाह कर दुष्कर्म करने एवं जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध पीड़िता के द्वारा थाना कैराना पर तहरीर दाखिल की गई थी। दाखिल तहरीर के आधार पर थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। उपरोक्त के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा थाना कैराना पुलिस को अभियुक्तगणों शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था।

आज दिनांक 28.10.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा घर में घुसकर नाबालिग को डरा धमकाकर साथ ले जाने और जोर जबरदस्ती विवाह कर दुष्कर्म करने एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित 02 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है तथा अन्य अभियुक्तगण की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

नाम व पता अभियुक्तगणः-

1.लियाकत पुत्र स्व0 सफी निवासी ग्राम इस्सोपुर खुरगान थाना कैराना जनपद शामली।

2.कौशर पुत्र अख्तर निवासी ग्राम इस्सोपुर खुरगान थाना कैराना जनपद शामली।

प्रेस नोट

थाना कांधला पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध हथियार व कारतूस बरामदः-

आज दिनांक 28.10.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कांधला पुलिस को 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुयी है, जिसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.सौरव पुत्र सुरेश निवासी मौहल्ला शेखजादगान कस्बा व थाना कांधला जनपद शामली।

बरामदगी का विवरणः-

1.अवैध 01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर।